हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 18 मई 2026

06 1996 बैच के पूर्व छात्रों का भावुक मिलन, देश के ...



08 मनुष्य जन्म चिंतामणि रत्न के समानः रत्न विजय



खबर संक्षेप

शनि जयंतीः शनिदेव का तेलाभिषेक किया



सीहोर । शनि जयंती पर मंदिर में सुबह से ही भारी भीड़ रही। भक्तों ने शनिदेव का तेलाभिषेक किया। सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। शनि जयंती पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय बढ़ियाखेड़ी के प्रसिद्ध शनि मंदिर पहुंचे। उन्होंने शनिदेव के दर्शन किए। उन्होंने किसी खास व्यवस्था का सहारा नहीं लिया। आम श्रद्धालुओं की तरह लाइन में खड़े रहे। पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने उनकी सादगी देखी। सहज व्यवहार की सराहना की। कई जनप्रतिनिधि वीआईपी व्यवस्था के तहत दर्शन करते दिखते हैं। राकेश राय आम भक्तों के बीच नजर आए। श्रद्धा के साथ पूजा की। राकेश राय ने विधि-विधान से पूजा की। प्रदेश और नगरवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की।

कुबेरेश्वरधाम पर अधिक मास के पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

आज किया जाएगा विशेष श्रृंगार और 6 क्विंटल मावे बर्फी का लगेगा भोग

सीहोर। रविवार को अधिक मास के पावन अवसर के पहले दिन जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को 5 क्विंटल से अधिक बलूसाई मिठाई, 10 क्विंटल से अधिक नमकीन और भोजन प्रसादी का वितरण किया साथ ही यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को ठंडाई का वितरण गर्मी को देखते हुए किया जा रहा है।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वरधाम देश और विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। सोमवार को धाम पर परिसर में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में सोमवार को विशेष श्रृंगार किया जाएगा और सुबह छह क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाया जाएगा। मंदिर में भगवान शिव-माता पार्वती, भगवान राम-सीता और भगवान कृष्ण और राधा की नियमित रूप से पूजा अर्चना की जाती है। अधिक



मास पर आने वाले श्रद्धालु भगवान शिव और भगवान विष्णु की एकसाथ आराधना करते हुए दिखाई दे रहे है। शाम को बाबा की विशेष आरती नियमित रूप से की जा रही है। अधिक मास में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा खासतौर पर की जाती है। इस महीने को विष्णु जी के ही एक नाम पुरुषोत्तम से भी जाना जाता है। इन दिनों में तीर्थ स्नान, मंदिरों में दर्शन-पूजन, सत्संग, मंत्र जप, दान-पुण्य, पूजन आदि शुभ काम किए जाते हैं।





अधिक मास पर भगवान शिव और विष्णु की एक साथ पूजा अर्चना

उन्होंने बताया कि अधिक मास भगवान विष्णु और शिव दोनों की आराधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इसी कारण धाम में विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। यहां पर सुबह से ही बड़ी संख्या में मंदिर परिसर में बाबा की भव्य शीला पर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। इसके अलावा मुरली मनोहर मंदिर परिसर में स्थित भगवान शिव, भगवान श्रीराम और भगवान श्री कृष्ण आदि का दर्शन किया जा रहा है। समिति द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है।

रात 12.00 बजे: दोराहा थाने में बजा 'माइक-1' का सायरन

आधी रात को 'माइक-1' की सक्रियता ने महकमे में मचाया हड़कंप

एसपी ने साफ निर्देश दिए कि चालान, मर्ग, लंबित अपराध और आम जनता की शिकायतों का निराकरण समय सीमा के भीतर होना चाहिए। कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से टेबल पर अटकी नहीं रहनी चाहिए, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार-रविवार की दरमियानी रात जब पूरा जिला गहरी नींद में सोया हुआ था, तब पुलिस महकमे के वायरलेस सेट पर अचानक 'माइक-1' (पुलिस अधीक्षक का आधिकारिक वायरलेस कोड) की गूंज सुनाई दी। वायरलेस पर कप्तान की सक्रियता की खबर मिलते ही पूरे जिले के पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया। कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने और पुलिसिंग को जमीन पर कसने के इरादे से नवागत पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना आधी रात के सन्नाटे में अचानक फील्ड पर उतरीं। उन्होंने रात 12 बजे से लेकर तडक़े 3 बजे तक जिले के तीन प्रमुख थानों का औचक निरीक्षण किया। कप्तान की गाड़ी को अचानक अपने-अपने थाना परिसरों में दाखिल होते देख वहां मुस्तैद अमला और थाना प्रभारी पूरी तरह चौंक गए।

रात 12.00 बजेः दोराहा थाने में बजा 'माइक-1' का सायरन

एसपी सोनाक्षी सक्सेना के इस औचक दौरे की शुरुआत रात ठीक 12.00 बजे दोराहा थाने से हुई। थाने पहुंचते ही एसपी ने सबसे पहले सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं को खंगाला। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के सुचारु संचालन की जांच की और सीसीटीएनएस सिस्टम की स्थिति को बारीकी से देखा।

गश्त बढ़ाने के निर्देश : उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि रात्रि गश्त में तैनात बल पूरी तरह अलर्ट रहे। सडक़ों और संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग की जाए ताकि अपराधियों को सिर उठाने का मौका न मिले। इसके साथ ही पुराने लंबित मामलों को जल्द निपटाने की बात कही।

रात 01.30 बजेः श्यामपुर थाने में कुंडली खंगाली : दोराहा के बाद 'माइक-1' का काफिला रात डेढ़ बजे श्यामपुर थाना पहुंचा। यहां कप्तान का पूरा फोकस अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने वाले सिस्टम पर रहा। एसपी ने थाने की माइक्रो बीट सिस्टम प्रणाली की गहन समीक्षा की। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि थाना क्षेत्र के जितने भी असामाजिक तत्व और आदतन अपराधी हैं, उनकी हर एक गतिविधि पर पुलिस की चौबीस घंटे नजर होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने थाने के रिकॉर्ड, मालखाने और परिसर की साफ सफाई को देखा। एसपी ने लंबित अपराधों और थानों में जमा जब्ती माल का नियमानुसार व शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए।

तडक़े 03.00 बजेः इछावर थाने में दिखी नाराजगी

इस औचक निरीक्षण का सबसे कड़ा और अंतिम चरण तडक़े 3.00 बजे इछावर थाने में देखने को मिला, जहां अव्यवस्थाएं देखकर कप्तान का पारा चढ़ गया। इछावर थाने में फाइलों का रख-रखाव और शासकीय रिकॉर्ड का संधारण बेहद खराब और बिखरी हुई स्थिति में मिला। इस पर एसपी ने गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई और रिकॉर्ड को तत्काल सुव्यवस्थित करने का सख्त अल्टीमेटम दिया।

केस पेंडेंसी पर कड़ा रुख

एसपी ने साफ निर्देश दिए कि चालान, मर्ग, लंबित अपराध और आम जनता की शिकायतों का निराकरण समय सीमा के भीतर होना चाहिए। कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से टेबल पर अटकी नहीं रहनी चाहिए, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

10 साल में पहली बार पारा 46.3 डिग्री पर

सीहोर । इस बार गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के रिकार्ड पर नजर डालें तो पिछले 10 साल में इतना तापमान कभी नहीं पहुंचा है। आगे भी तेज गर्मी की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है।

मानना है कि अभी कोई भी विक्षोभ (सिस्टम) एक्टिव नहीं है, जिसके कारण अभी तेज गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। लगातार तेज गर्मी के का आसर सामान्य जनजीवन पर भी दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि जब अभी इतनी गर्मी है तो फिर नौतपे में क्या होगा।

इसलिए बनी ऐसा स्थिति आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इन



दिनों कोई भी सिस्टम एक्टिव नहीं है, जिसके कारण हवा में नमी की मात्रा बिल्कुल नहीं है। यही नहीं राजस्थान और गुजरात की ओर से आ रही गर्म हवा से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। हवा की रफ्तार अधिक होने से रात में भी लू चलने जैसा अहसास होता है।

हर दिन एक डिग्री की बढ़ोत्तरी : पिछले पांच दिन से लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के रिकार्ड अनुसार 12 मई को अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

नर्मदापुरम ने एकलव्य रेड को तीन विकेट से हराया अनिकेत और हेमेन्द्र ने हासिल किए 4-4 विकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य फैंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2026 दूसरे दिन गौर क्रिकेट अकादमी नर्मदापुरम और एकलव्य रेड के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में नर्मदापुरम क्रिकेट टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की। इसमें निष्कर्ष ने 39 रन और अनिकेत-हेमेन्द्र ने 4-4 विकेट हासिल किए थे। इस मौके पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के कोच अतुल कुशवाहा सहित अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए एकलव्य क्रिकेट अकादमी रेड ने 30.4 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए थे। इसमें अहद खान ने 12 रन, बंधन पवार ने 29 रन और अराव मसीह ने 43 रन की शानदार पारी खेली। वहीं नर्मदापुरम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनिकेत ने 6 ओवर में 22 रन देकर और हेमेन्द्र ने 4.4 ओवर में मात्र 7 रन देकर 4-4 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदापुरम की टीम ने 33.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए थे। इसमें निष्कर्ष पाराशर ने 39 रन, युवी ने 12 रन, आदर्श शर्मा ने 31 रन बनाए। इधर रेड की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंश वर्मा, अनंत पेशवानी ने 2-2 विकेट और बंधन पवार ने 1 विकेट हासिल किया। सोमवार को एकलव्य अकादमी ब्लू और नर्मदापुर के मध्य मैच खेला जाएगा।

सीवन नदी परिक्रमा बाइक रैली को तिरंगा लहरा कर किया रवाना

नदी बचाओ अभियान से जुड़े सीवन पुत्र-पुत्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नदी बचाओ अभियान के तहत सीवन पुत्र पुत्रियां के द्वारा सीवन नदी महिला घाट से रविवार को शुरू की गई सीवन नदी परिक्रमा बाइक यात्रा को तिरंगा लहरा कर भाजपा नेता सन्नी सरदार के द्वारा रवाना किया गया।

पहली बार पवित्र सीवन नदी परिक्रमा के लिए रवाना हुई यह बाइक यात्रा 50 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय करेगी । नदी बचाने के संकल्प के साथ प्रदीप चावडा के कुशल नेतृत्व में रवाना हए सीवन नदी परिक्रमा यात्री उत्साह के साथ हाथों में तिरंगा और भगवा झंडा लेकर हर हर महादेव भारत माता की जय, सीवन मैया की जय के जय घोष के साथ रवाना हुए।

नदी बचाओ अभियान से जुड़े प्रदीप चावडा ने कहा कि जीवनदायिनी और एक पवित्र ऐतिहासिक जलधारा के रूप में सदियों से मौजूद रही सीवन नदी को अपने मूल स्वरूप में लाने के लिए युवाओं ने करीब सबा महीने से अभियान शुरू किया है। इसके तहत जन जागरूकता, जलकुंभी निकालना और नदी के प्रति आत्मिक लगाव जोड़ने के लिए सीवन पुत्र-पुत्री बनाने की मुहिम चलाई जा रही है। इसी क्रम में रविवार को सीवन नदी महिला घाट से एकत्रित होकर माता सीवन की पूजा अर्चना कर मनकामेश्वर मंदिर से सीवन परिक्रमा शुरू की गई।

भाजपा नेता सन्नी सरदार ने सीवन नदी परिक्रमा यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीवन नदी मात्र एक जलधारा ही नहीं है बल्कि यह सीहोर को सांस्कृतिक पहचान देती है। इस नदी के तट अपने प्राचीन मंदिरों व स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों के कारण ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनियों और संतों ने तपस्या की है। प्राचीन काल से ही इस नदी के तट लोगों की आस्था के केंद्र रहे हैं। नदी बचाओ अभियान से जड़े सभी सीवन पुत्र पुत्री का अभिनंदन है जिन्होंने इस कठिन समय में भी सीवन नदी के जीवन के लिए समय दान किया है।

यात्रा शुभारंभ अवसर पर पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया ने कहा कि सीवन नदी के तट पर विभिन्न देवी-देवताओं और नंदी महाराज की मूर्तियां व ऐतिहासिक छतरियां स्थित हैं। सीवन नदी के तट का इतिहास भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक बहुत ही महत्वपूर्ण और दुखद अध्याय समेटे हुए है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सीहोर ब्रिटिश छावनी का एक प्रमुख केंद्र था। 14 जनवरी 1858 को, जनरल ह्यूरोज के आदेश पर 356 भारतीय क्रांतिकारियों को जेल से निकालकर इसी नदी के किनारे सैकड़ाखेड़ी (चांदमारी मैदान) ले जाया गया था। इन सभी देशभक्तों को नदी के तट पर एक साथ खड़ा कर गोलियों से भून दिया गया था। इस शहादत के कारण यह स्थान एक पवित्र स्मारक और तीर्थ के रूप में याद किया जाता है। इसे प्रदूषण से बचाने और एक धरोहर के रूप में संरक्षित करने के लिए स्थानीय प्रशासन और जनता द्वारा सीवन नदी के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के विशेष अभियान भी चलाए गए हैं।

आवासीय परिसर के लिए जरूरी है मजबूत और संगठित समितिः विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



क्रीसेंट रेजिडेंसी में रविवार को रहवासियों की समिति का गठन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदेश राय उपस्थित रहे। सर्व सहमति से सहवासियों के द्वारा कॉलोनी समिति का अध्यक्ष समाजसेवी सतीश सोनी को चुना गया।

विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम के दौरान हवासियों एवं नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक मजबूत और संगठित समिति किसी भी आवासीय परिसर के बेहतर संचालन एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समिति के माध्यम से समाज के नियम, व्यवस्थाएं एवं विकास कार्य और अधिक प्रभावी रूप से संचालित किए जा सकेंगे। रहवासियों ने नई समिति के साथ मिलकर सुव्यवस्थित एवं बेहतर सोसायटी निर्माण हेतु कार्य करने का संकल्प लिया। विधायक राय ने कहा कि क्रीसेंट रेजिडेंसी निरंतर आधुनिक सुविधाओं, सुरक्षित वातावरण एवं बेहतर सामुदायिक जीवनशैली के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है। कॉलोनी के रहवासियों के द्वारा विधायक सुदेश राय का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति सदस्य गण मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



सीहोर चिल्ड्रन ने ग्रीन को 1-0 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें यहां पर शहर का गौरव इंटरनेशनल स्तर पर बढ़ाने वाले सुयश कन्नोजिया के अलावा अन्य प्रशिक्षकों के द्वारा खेल की बारीकियों से अवगत किया जा रहा है। शाम को चार बजे ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। शनिवार को शाम को दो मैच खेले गए थे, इसमें पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबला गर्ल्स और डीएसवाय के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर गर्ल्स की टीम 2-0 से विजय रही। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सीहोर चिल्ड्रन की ओर से एक मात्र गोल एकलव्य ने किया था। वहीं एक अन्य मैच में सीहोर गर्ल्स की टीम ने डीएसवाय को 2-0 से हराया। इस मैच में सीहोर गर्ल्स की ओर से अवनी ने दो गोल किए।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल : एक बार फिर चोरों ने बिजली लाइन पर धावा बोला

अनदेखी: बिजली तारों की फिर की गई चोरी 10 दिन में चोरी की दूसरी हुई बड़ी घटना

नयाखेड़ा से झरखेड़ा के बीच 13 गालों के तार चोरी कर ले गए चोर, 17 खंभों को किया क्षतिग्रस्त, तीन गांवों की बिजली व्यवस्था हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए एक बार फिर चोरों ने शनिवार रात को बिजली लाइन पर धावा बोलते हुए नयाखेड़ा - झरखेड़ा के बीच करीब दो किमी से अधिक लंबाई के बिजली तार चोरी कर ले गए। इस दौरान 17 खंभों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया । पिछले 10 दिनों में तार चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। लाइन प्रभावित होने से झरखेड़ा, सिंगापुरा और लालियाखेड़ी गांवों की बिजली व्यवस्था ठप हो गई है। इसके चलते लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले दिनों 4 मई को गांव हालियाखेड़ी - मौलगा के बीच हुई 24 गाले के तार की चोरी की घटना को लोग अभी भूले भी नहीं थे कि इसी बीच एक बार फिर अज्ञात चोर दीवड़िया डीसी के ही अंतर्गत आने वाले गांव नयाखेड़ा - झरखेड़ा के बीच करीब दो किमी लंबाई की लाइन के चारों तार शनिवार - रविवार की मध्य रात्रि को चुरा ले गए। साथ ही 17 खंबों को भी तोड़कर धराशाही कर दिए । तार चोरी होने से झरखेड़ा , सिंगापुरा , लालियाखेड़ी आदि गांवों की बिजली सप्लाई व्यवस्था ठप हो गई है। इसके चलते ग्रामीणों कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोड सेटअप के दौरान हुई चोरी

विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार लोड सेटअप के लिए शनिवार - रविवार मध्य रात्रि 2.48 से 3.48 बजे तक बिजली कटौती की गई थी। इसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों द्वारा चोरी की इस घटना में कंपनी के कर्मचारियों के मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। दरअसल उनका कहना है कि लोड सेटअप के समय की जानकारी चोरों को कैसे मिली। इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए मिनिमम 1 घंटे का समय तो लगता ही है। ऐसे में चोरों को सटिक जानकारी होने पर ही पूर्व तैयारियां की होगी।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे है सवाल, क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही

मोलगा के बीच हुई तार चोरी की घटना के आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने के भले ही दावे कर रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। शनिवार को चोरो ने सुरक्षा व्यवस्था को ढेंगा दिखाते हुए जहां तार चोरी की घटना को अंजाम दिया वहीं क्षेत्र में नगर सहित ग्रामीण अंचल में वाहन चोरी सहित अन्य छोटी - मोटी घटनाएं आए दिन हो रही है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र में दलालों का एक गिरोह काफी सक्रिय है , जो चोरों और पीड़ितों के बीच मध्यस्थता कराकर वाहन मालिकों से मोटी रकम वसूल कर वाहन दिलाने का काम कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद पुलिस अनजान बनी हुई है।

पानी की आपूर्ति के लिए भटक रहे

उधर भटक रहे लोग - गौरतलब है कि इस समय ग्रामीण अंचल में जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण खेतों में स्थित कुएं , ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति कर रहे है। ऐसे में खेतों में विद्युत सप्लाई करने वाली लाइन के तार चोरी होने से ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रही है। झरखेड़ा के छगन जाट , रमेश जाट ने बताया कि भू-जल स्तर गिरने के कारण गांव में स्थित परंपरागत जलस्त्रोत महीने भर पहले ही सूख गए ऐसे में ग्रामीण खेतों में स्थित कुएं , ट्यूबवेल से पानी लाकर आपूर्ति कर रहे है , लेकिन बिजली नहीं होने से ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए इधर - उधर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।



ग्रामीण बोले, आए दिन बिजली की अघोषित कटौती की जा रही

क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बदहाल लगातार हो रही तार की चोरी

10 किलमी पोल तोड़कर उेढ सिल्वेमीटर से अधिक लंबाई वह तार चोरी कर ले गए चोर, दो गांव पर अंधेरी हुई तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

लगातार हो रही है तार चोरी की घटनाएं

पोल और तार की जांच की गई है

पर्याप्त संसाधन नहीं है

पंचनामा बनाया

सूचना प्राप्त होते ही स्टाफ को घटना स्थल पर भेजकर पंचनामा बनवाया गया है। मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। साथ ही अज्ञात चोरो के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया जा रहा है।

विजय कुमार उइके, उपयंत्री विद्युत वितरण कंपनी दीवड़िया

44 डिग्री की तपिश में 'बिजली का करंट', अस्पताल बना तंदूर

अघोषित कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त; मैंटेनेंस के दावों की खुली पोल अस्पताल में उबलता पानी-'डीजल बचाने' के नाम पर बंद रहा जनरेटर



भैरूंदा। भीषण गर्मी के इस दौर में भैरूंदा तहसील दोहरी मार झेल रही है। एक ओर पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, तो दूसरी ओर बिजली और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। वहीं लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सामने आई तस्वीरों ने व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है, जहां मरीजों को ठंडे पानी के बजाय उबलता पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

नगर में दिन-रात बार-बार बिजली गुल होने से हालात बदतर हो गए हैं। उमस और झुलसाती गर्मी के बीच छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। घरों में कूलर-पंखे बंद पड़े हैं और लोग हाथ पंखों के सहारे रात काटने को मजबूर हैं। रात के समय बिजली कटौती के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही, जिससे उनकी दिनचर्या पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि हर बार बिजली विभाग ओवरलोड का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है।

नगरवासियों का कहना है कि हर साल मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट नजर आती है। ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज और घंटों तक बिजली बंद रहना अब आम समस्या बन चुकी है। इसका सीधा असर छोटे व्यापारियों पर भी पड़ रहा है। दुकानों में बिजली नहीं होने से कारोबार ठप हो रहा है और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी बीच स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। लाड़कुई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सामने आए वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीषण गर्मी के बावजूद मरीजों को ठंडा पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। वॉटर कूलर गर्म हवा के आगे बेअसर हो चुके हैं और उनमें से गर्म पानी ही निकल रहा है। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ खुद ठंडा आरओ पानी उपयोग कर रहा है, जबकि मरीजों को बुनियादी सुविधा से भी वंचित रखा जा रहा है। सबसे गंभीर मामला तब सामने आया, जब बिजली गुल होने के बाद भी अस्पताल का जनरेटर चालू नहीं किया गया। मरीजों के परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने जनरेटर चालू करने की मांग की, तो स्टाफ ने 'डीजल बचाने' का हवाला देकर मना कर दिया। इस दौरान वार्डों में गर्मी असहनीय हो गई और छोटे बच्चे व बुजुर्ग मरीज बेहाल नजर आए। कई महिलाएं अपने बच्चों को लेकर वार्ड के बाहर इधर-उधर भटकती रहीं ताकि उन्हें थोड़ी राहत मिल सके। इतना ही नहीं, बिजली रहने पर भी कई जगह कूलर चालू नहीं किए जाने की बात सामने आई है। भैरूंदा सिविल अस्पताल की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। करीब 100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में जनरल वार्डों में पर्याप्त कूलर तक उपलब्ध नहीं हैं। महिला वार्ड में केवल दो और पुरुष वार्ड में एक कूलर ही लगाया गया है, जो इस भीषण गर्मी में नाकाफी साबित हो रहा है। मरीजों और उनके परिजनों को गर्मी से राहत के लिए किसी भी प्रकार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं मिल पा रही है।

वहीं बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। नगर में कई स्थानों पर कर्मचारी बिना हेलमेट और सेफ्टी बेल्ट के खंभों पर चढ़कर काम करते देखे गए हैं। सुरक्षा मानकों की इस अनदेखी से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारी केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित हैं, जबकि जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह लचर बनी हुई हैं। आगामी मानसून को लेकर भी नागरिकों की चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि जब अभी से बिजली व्यवस्था चरमरा रही है, तो बारिश के दौरान हालात और खराब हो सकते हैं। हर साल आंधी-तूफान में लाइन फॉल्ट, ट्रांसफार्मर खराब होने और लंबे समय तक बिजली बंद रहने की समस्या सामने आती है। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

विद्युत विभाग अधिकारी राजेश अग्रवाल, ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी के कारण बिजली व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसका असर ट्रांसफार्मरों पर पड़ रहा है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चालू लाइन में कार्य नहीं कराया जाता, इसलिए सप्लाई बंद कर मरम्मत कार्य किया जाता है। जहां-जहां समस्या है, उसे जल्द दूर किया जाएगा।

वहीं भैरूंदा के सीबीएमओ मनीष सारस्वत से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाकर काट दिया।

भैरुंदा से भावुक तस्वीर: बेटी ने दी मां को मुखाग्नि, टूटी पुरानी परंपरा

भैरुंदा। नगर से सामने आई एक भावुक घटना ने न सिर्फ लोगों की आंखें नम कर दीं, बल्कि समाज की जड़ सोच को भी झकझोर कर रख दिया। शनिवार को परंपरागत मान्यताओं को दरकिनार करते हुए हेमलता परिहार ने अपनी दिवंगत मां को मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी और यह संदेश दिया कि बेटियां भी हर जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम हैं। इस मार्मिक दृश्य ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया और समाज में बदलाव की एक नई सोच को जन्म दिया।



मां के निधन के बाद जब अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हुईं, तब परिवार के सामने एक कठिन निर्णय की घड़ी आ खड़ी हुई। बेटों की अनुपस्थिति में बड़ी बेटी हेमलता परिहार ने साहस के साथ आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने न केवल मां की अंतिम यात्रा में कंधा दिया, बल्कि पूरे विधि-विधान के साथ शमशान घाट पर मुखाग्नि भी दी। इस दौरान उनकी दोनों बहनें भी उनके साथ रहीं और हर रस्म में सहभागी बनकर भावनात्मक रूप से उनका संबल बनीं।

शमशान घाट पर उपस्थित लोगों के लिए यह दृश्य अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक था। कांपते हाथों और नम आंखों के बावजूद हेमलता ने जिस दृढ़ता और साहस का परिचय दिया, उसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भीतर तक झकझोर दिया।

कई लोगों ने इसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। लोगों का कहना था कि यह घटना केवल एक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ा सामाजिक संदेश है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सदियों से चली आ रही उस सोच को अब बदलने की जरूरत है, जिसमें बेटियों को अंतिम संस्कार जैसे महत्वपूर्ण संस्कारों से दूर रखा जाता रहा है। हेमलता और उनकी बहनों ने यह साबित कर दिया कि कर्तव्य और जिम्मेदारी का कोई लिंग नहीं होता, बल्कि यह संस्कार, प्रेम और समर्पण से जुड़ा होता है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, हेमलता ने यह निर्णय पूरी दृढ़ता के साथ लिया और किसी भी सामाजिक दबाव को अपने रास्ते में नहीं आने दिया। उनका यह कदम न केवल उनकी मां के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है। बदलते समय के साथ परंपराओं में बदलाव की आवश्यकता को यह घटना स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

घाटों से प्लास्टिक कचरा व अपशिष्ट पदार्थ हटेंगे

भैरूंदा। धार्मिक और सामाजिक चेतना के डिजिटल मंच अपना भैरूंदा ने नई पहल शुरू की है। जल्द ही मां नर्मदा सेवा एवं स्वच्छता मुहिम की शुरुआत होगी। मकसद है मां नर्मदा के तट को स्वच्छ, निर्मल रखना है। अभियान में जागरूक नागरिकों की टीम शामिल होगी। युवा भी साथ रहेंगे। टीम नर्मदा तटों पर जाकर सफाई करेगी। आयोजकों के मुताबिक यह मुहिम सिर्फ औपचारिकता नहीं है। समाज में पर्यावरण को लेकर जागरूकता बढ़ाना लक्ष्य है। पोस्टर के जरिए संदेश दिया गया है कि मां नर्मदा की स्वच्छता केवल सेवा नहीं है। यह सबका परम कर्तव्य है। अभियान के दौरान घाटों पर फैला प्लास्टिक हटाया जाएगा। कचरा हटाया जाएगा। दूसरे अपशिष्ट पदार्थ भी हटेंगे। इनके सही निपटान की व्यवस्था की जाएगी। मुहिम के लिए पांच संकल्प तय किए गए हैं। नदी किनारे के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाना है। हरियाली बचानी है। जल स्रोतों को प्रदूषण से रोकना है। भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखना है। आमजन को स्वच्छता से जोड़ना है। कचरा न फैलाने की समझाइश देनी है। नर्मदा घाटों का प्राकृतिक सौंदर्य लौटाना है। हर नागरिक में जिम्मेदारी का अहसास कराना है। मुहिम से जुड़े सदस्यों ने प्रबुद्ध नागरिकों से सहयोग मांगा है। सामाजिक संगठनों से भी अपील की है। युवाओं से भी आगे आने को कहा है।

1996 बैच के पूर्व छात्रों का भावुक मिलन, देश के कोने-कोने से लौटे बचपन के दोस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (पुराना स्कूल परिसर) के गलियारे रविवार को एक बार फिर पूर्व छात्रों की हंसी,शोर और अपनत्व से गूंज उठे। अवसर था वर्ष 1996 बैच के पूर्व छात्रों के भव्य मिलन समारोह (रीयूनियन) का करीब तीन दशक बाद जब पुराने सहपाठी एक-दूसरे से मिले तो हर चेहरे पर मुस्कान और आंखों में भावनाओं की चमक साफ दिखाई दी इस यादगार मिलन कार्यक्रम में ग्वालियर, अहमदाबाद,पुणे, मुंबई,जबलपुर, राजधानी भोपाल सहित देश के विभिन्न शहरों से पूर्व छात्र अपने उसी विद्यालय में पहुंचे,जहां कभी उन्होंने साथ बैठकर सपने बुने थे समय के साथ इन सहपाठी मित्रों ने जीवन में अलग-अलग मुकाम हासिल किए कोई इंजीनियर बना, कोई उद्योगपति, कोई शिक्षक, पत्रकार, चिकित्सक, किसान और व्यवसायी बना लेकिन जैसे ही उन्होंने स्कूल की चौखट पर कदम रखा, सभी अपनी उपलब्धियां और जिम्मेदारियां भूलकर फिर वही शरारती और मासूम छात्र बन गए पूर्व छात्रों ने पुरानी कक्षाओं की बेंचों पर बैठकर एक स्वर में राष्ट्रगान "जन गण मन" गाया इसके बाद पुरानी शैली में हाजिरी लगाई गई जैसे-जैसे नाम पुकारे गए,बीते दिनों की यादें ताजा होती गईं और कई आंखें नम हो उठी दिनभर पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी कक्षाओं में बैठकर स्कूल के दिनों के किस्से साझा किए क्लास बंक करने, शिक्षकों की नकल उतारने और दोस्तों की शरारतों पर खूब ठहाके लगे सभी ने एक साथ भोजन किया और वर्षों बाद मिले दोस्तों के साथ बिताए हर पल को कैमरों में कैद किया

इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने नए संदीपनी स्कूल परिसर का अवलोकन किया और इस मिलन की स्मृति को स्थायी बनाने के लिए पौधारोपण भी किया उन्होंने संकल्प लिया कि यह मित्रता और अपनापन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा। पूर्व छात्र राजेश यादव ने विशेष बस की व्यवस्था कर सभी साथियों को नगर का भ्रमण कराया पुराने स्थानों को देखकर मित्रों ने अपने बचपन की अनेक यादें ताजा कीं इस अवसर पर व्यवसायी मंजीत राजपूत, इंजीनियर राजेश मीणा, अनिल शर्मा, शिक्षक नवल निमोदा, हरदयाल सिंह,डॉ. बंसीलाल, पार्षद श्री कांत शर्मा, प्रवीण भावसार, संतोष मालवीय, मुकेश साहू, राधिकेश महाराज, धीरेन्द्र तिवारी,ओम,नरेश मालवीय तथा हरगोविन्द मालवीय सहित बड़ी संख्या में साथी उपस्थित रहे 1996 बैच के पूर्व छात्रों द्वारा आयोजित यह समारोह सिर्फ एक पुनर्मिलन नहीं, बल्कि उन रिश्तों का उत्सव था जो समय और दूरी के बावजूद आज भी उतने ही मजबूत हैं।

पेपर लीक होने पर कांग्रेस ने जताया विरोध, मशाल जुलुस निकाला

भाजपा कर रही देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़: राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मेडिकल प्रवेश की सबसे बड़ी परीक्षा नीट 2026 को रद्द कर दी गई, जो 3 मई को जो नीट यूजी परीक्षा आयोजित हुई थी, लेकिन उसके पर्चे पहले ही लीक हो गए थे। भाजपा सरकार के राज में विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में छात्र-छात्राओं के हित में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व एवं पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर के विशेष उपस्थिति में स्थानीय कोतवाली चौराहे से लिसा टाकिज चौराहे तक मशाल जुलुस निकाला गया। उक्त मशाल जुलुस में कार्यकर्ता हाथों में तकती लिये गगन भेदी नारे लगा रहे थे। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि इस भाजपा सरकार में जवाबदेही नाम की चीज नही है। कांग्रेस के शासन में एक दुर्घटना होने पर इस्तिफा दे देते थे, लेकिन इतनी बड़ी परीक्षा का पेपर लीक होने पर, जिसमें भाजपा के पदाधिकारी ही शामिल है, लेकिन अभी तक इस्तिफा नही दिया है। श्री गुजराती ने आगे कहा कि पेपर लीक की वजह से एनटीए ने परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया, यह विद्यार्थियों भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह पहली बार नहीं हो रहा है 10 सालों में लगभग 89 पेपर लीक, और 48 बार दोबारा परीक्षा हुई है।

हमारी सरकार से मांग है कि दोषियों पर जल्द से जल्द कार्यवाही और नीट परीक्षा जल्द से जल्द हो।

पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि इस बार 22 लाख छात्रों ने नीट परीक्षा दी थी, जिसके लिए कई छात्रों ने साल दो साल की महंगी कोचिंग कक्षाओं में पढ़ाई की होगी कई छात्रों के मां-बाप ने आर्थिक कठिनाइयां या अन्य दिक्कतों का सामना किया होगा ताकि उनके बच्चे इन परीक्षाओं में सफल तो हो सके डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल कॉलेज में उनका दाखिला हो जाए। छात्रों का भविष्य उनके सपने बेहतर जीवन की तैयारी सब कुछ इस परीक्षा पर निर्भर होगा जिसे एक झटके में पेपर लीक माफियाओं ने तोड़ दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवेक राठौर, घनश्याम यादव, महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, रमेश गुप्ता, राजेंद्र वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, हरीश राठौर, इरफान लाला, गुलाब बाई ठाकुर, राकेश वर्मा, नरेंद्र खंगराले, निशांत वर्मा, दिनेश पटेल, हर्षदीप राठौर, तारा यादव, अशरफ अली, संतोष मालवीय, कमलेश चांडक, बृजेश पाटीदार, मनीष मेवाड़ा, हरिओम सिसोदिया, राहुल ठाकुर, मोनू शर्मा, मुस्तफा अंजुम, संतोष पटेल, अंकुर विश्वकर्मा, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, अभिजीत परमार, हिमांशु मालवीय, जितेंद्र परमार, दिव्यांश मालवीय, विशाल, मनीष, सुमित, अशोक, विष्णु, विक्की विश्वकर्मा, सुयश तोमर, तनिष्क त्यागी, अंकुर ठाकुर, यश यादव, मनोज परमार, घनश्याम मीणा, अरविन्द ठाकुर, संतोष राजपूत, घनश्याम जांगड़ा, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेश ठाकुर, नितिन उपाध्याय, राहुल गोस्वामी, मुनव्वर मामू, देवी सिंह तंवर, पवन गुर्जर, ओम वर्मा, तीरथ सिंह सरपंच, हिरदेश सिंह मझेड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कृषि रथ अभियान का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया

किसानों का जागरुक कर आधुनिक तकनीकि बताएगा रथ



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

कृषि रथ अभियान का शुभारंभ शनिवार को किया गया। उक्त कृषि रथ का संचालन आगामी 10 दिवस तक जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।

कृषि रथ को जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़, निधि भारद्वाज, उपसंचालक कृषि सचिन जैन एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधिगण, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि रथ के माध्यम से जिले की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर कृषकों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, कीट एवं रोग प्रबंधन, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि को लाभकारी बनाने के उपाय एवं कृषि विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कृषि रथ में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं कृषि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन उपस्थित रहकर कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कृषि रथ प्रतिदिन लगभग 4 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगा तथा कृषकों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों एवं योजनाओं से लाभान्वित करेगा।

हम्मालों की कमी से गेहूं की खरीदी हुई प्रभावित, किसानों ने किया चक्काजाम



राजगढ़। पचोर मार्केटिंग सोसायटी द्वारा संचालित गेंहू उपार्जन केंद्र पर हम्मालों की कमी के चलते खरीदी कार्य प्रभावित होने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खरीदी में हो रही देरी से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार पचोर, तहसीलदार ब्यावरा, नायब तहसीलदार खुजनेर एवं पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची। अधिकारियों द्वारा किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उचित समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त कराया गया। प्रशासन की पहल के बाद उपार्जन केंद्र पर पुनः गेंहू खरीदी कार्य प्रारंभ कराया गया।अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि खरीदी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

स्वयंसेवी संस्थाओं की एक दिवसीय बैठक आयोजित

जल संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर



राजगढ़। मप्र जन अभियान परिषद के तत्वाधान में समृद्धि योजना अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं की एक दिवसीय बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागृह में किया गया। बैठक में जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना अंतर्गत कार्यरत 30 संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित जिले के विभिन्न विभागों के कार्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाएं एवं स्वैच्छिक संस्थाएं उपस्थित रहीं। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उपस्थित संस्था प्रमुखों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण हेतु संचालित ह्वजल गंगा संवर्धन अभियानह्व में सक्रिय सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि गांव स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों एवं रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों और बीमारियों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया तथा संस्थाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा भी संस्थाओं के कार्यों की जानकारी ली गई तथा उनके प्रयासों की समीक्षा की गई। जिला समन्वयक श्री प्रवीण सिंह पवार द्वारा जिले की विभिन्न संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया एवं आगामी त्रैमासिक कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में जिले के समस्त विकासखंड समन्वयक भी उपस्थित रहे।

सुनील बने चंद्रवंशी खाती समाज युवा संगठन के जिला अध्यक्ष



कुरावर। मूर्ति श्री जगदीश मंदिर पंच खतियान परमार्थिक ट्रस्ट के अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी एवं युवा संगठन अध्यक्ष लड्डूमल चौधरी की अनुशंसा पर ग्राम माना वाले निवासी सुनील पटेल को युवा संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर समाज बंधुओं द्वारा सुनील पटेल का हार-फूल मालाओं एवं मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। समाज के लोगों और युवाओं में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला। समाजजनों ने कहा कि सुनील पटेल लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों के साथ धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में समाज के युवाओं को नई दिशा और सामाजिक गतिविधियों में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

मार्गदर्शन व परिश्रम से मिलती है सफलता: विजयवर्गीय

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ के वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों हेतु ह्वबाणिज्य में विद्यार्थियों के लिए करियर के विविध अवसर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारीह्व विषय पर एक प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक करि\यर मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी. बी. खरे के मार्गदर्शन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वाणिज्य के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए करियर निर्माण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं रूपरेखा वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. प्रकाश कुमार अहिरवार द्वारा प्रस्तुत की गई।इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. खरे द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वर्तमान प्रति स्पर्धात्मक युग में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन, समय प्रबंधन एवं सतत अध्ययन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक सोच एवं निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजेन्द्र कुमार विजयवर्गीय प्राध्यापक वाणिज्य,प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर हमीदिया महाविद्यालय भोपाल ने ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को वाणिज्य क्षेत्र में उपलब्ध विविध करियर संभावनाओं के संबंध में विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बैंकिंग, बीमा, वित्तीय सेवाएं, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कंपनी सेक्रेटरी, एमबीए, प्रशासनिक सेवाएं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास एवं नियमित अध्ययन के महत्व को विभिन्न प्रेरणादायी उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

साथ ही डॉ. विजयवर्गीय ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा राजगढ़ में हुई तथा उच्च शिक्षा शासकीय महाविद्यालय राजगढ़ में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थी भी यदि दृढ़ संकल्प, अनुशासन एवं सही दिशा में प्रयास करें तो वे उच्च प्रशासनिक एवं प्रतिष्ठित पदों तक पहुँच सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थी विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर चयनित होकर सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

कस्बा भ्रमण पर निकली पुलिस

अतिक्रमणकारियों और वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई



सारंगपुर। शुक्रवार को सारंगपुर पुलिस पूरे दिन अलर्ट मोड पर नजर आई। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने अपनी पुलिस टीम के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कस्बा भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस बल ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड क्षेत्र एवं संकरी गलियों में पैदल मार्च कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया तथा आमजन में सुरक्षा का भरोसा जगाया। कस्बा भ्रमण के दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानों का सामान आगे तक फैलाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 34 पुलिस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए। पुलिस ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क पर अतिक्रमण से यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने, गलत तरीके से वाहन खड़े करने और दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर चालान बनाए गए। पुलिस की कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही।

थाना बोडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

चोरी के 4 आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त की गई दो बाइक सहित मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ा

राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तोलानी (भा.पु.से.) द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस टीम द्वारा चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित कुल 2,13,300/- का मशरूका जप्त किया गया। दिनांक 15.05.2026 को फरियादी बंशीलाल पिता मांगीलाल प्रजापति उम्र 50 वर्ष निवासी गुराडिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 11.05.2026 को दोपहर करीब 04 बजे अज्ञात व्यक्ति उसका रेडमी कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बोडा में अपराध क्रमांक 151/2026 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस कार्यवाही

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पतारसी हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्धों की पहचान कर दानिश मंसूरी, विकास कुशवाह, रियाज अंसारी एवं सलमान अंसारी से बारीकी से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया रेडमी मोबाइल कीमती 13,300/- तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे एवं स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमती 2,00,000/- जप्त की गई। 1. दानिश पिता मुबारिक मंसूरी उम्र 21 वर्ष निवासी कुरावर 2. विकास पिता बलराम कुशवाह उम्र 19 वर्ष निवासी कुरावर 3. रियाज पिता समंद अंसारी उम्र 19 वर्ष निवासी कुरावर 4. सलमान पिता जाफर अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी कुरावर रेडमी कंपनी का मोबाइल ह्व 13,300/- अपाचे मोटरसाइकिल स्प्लेंडर मोटरसाइकिल आदि सामान बरामद किया गया।

नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



सारंगपुर। नीट परीक्षा में सामने आ रही अनियमितताओं, पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की खामियों को लेकर म.प्र. युवा कांग्रेस कमेटी सारंगपुर द्वारा शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार सोनू गुप्ता को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की गई। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों के कारण लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। छात्रों और अभिभावकों के मन में परीक्षा व्यवस्था को लेकर अविश्वास की स्थिति बन रही है, जिससे मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय हो रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि परीक्षा में पेपर लीक एवं भ्रष्टाचार जैसी घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मजबूत व्यवस्था लागू की जाए। युवा कांग्रेस ने अपनी प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली को पूर्णतः पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने, विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने तथा दोषियों को सख्त सजा देने की बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी आदि मौजूद थे।

भड़काऊ बयानबाजी के विरोध में हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



कुरावर। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्टर महोदय के नाम नायब तहसीलदार कुरावर को ज्ञापन सौंपकर भड़काऊ बयानबाजी करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि पिछले दिनों सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने तथा आपत्तिजनक बयान देने की घटना सामने आई थी। संगठनों का आरोप है कि घटना के बाद मोहसिन अली खान द्वारा भीड़ एकत्रित कर बजरंग दल, आरएसएस एवं अन्य सामाजिक संगठनों के खिलाफ अभद्र और अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया। संगठनों ने यह भी आरोप लगाया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ भी आपत्तिजनक नारे लगाए गए, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों के खिलाफ शीघ्र एवं सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने को विवश होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

गणिवर्य श्री कीर्तिरत्नसागरजी म.सा. का नगर में मंगल प्रवेश

मानव जीवन की महत्ता पर प्रवचन सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



सारंगपुर। परम पूज्य गणिवर्य श्री कीर्तिरत्नसागरजी म.सा. आदि ठाणा-4 का मंगलवार को धर्मनगरी सारंगपुर में मंगलमय प्रवेश हुआ। पूज्य गुरुभगवंत के नगर आगमन के साथ ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन दर्शन-वंदन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने प्रेरणादायी प्रवचन देते हुए मानव जीवन की महत्ता को सरल एवं प्रभावशाली शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन केवल भोग-विलास और संग्रह के लिए नहीं, बल्कि आत्मकल्याण, धर्म आराधना एवं सदाचार के पालन के लिए मिला अमूल्य अवसर है। मनुष्य जन्म अत्यंत दुर्लभ है और यदि यह धर्म, संयम एवं संस्कारों से जुड़ जाए तो जीवन सार्थक बन जाता है। गुरुदेव ने श्रद्धालुओं से जीवन में आत्मचिंतन, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। प्रवचन के दौरान उपस्थित श्रद्धालु गुरुवाणी सुन भावविभोर हो उठे। गुरुदेव के प्रेरक वचनों ने सभी के अंतर्मन को स्पर्श किया और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

कपिलेश्वर घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्नान-दान

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर



शनिवार को शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती के दुर्लभ महासंयोग पर धर्मनगरी सारंगपुर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। करीब 13 वर्षों बाद बने इस विशेष संयोग के चलते सुबह से ही कपिलेश्वर तीर्थ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु स्नान, दान-पुण्य और भगवान कपिलेश्वर के दर्शन के लिए पहुंचे। सूर्योदय के साथ ही कपिल तीर्थ घाट पर धार्मिक गतिविधियां शुरू हो गईं। श्रद्धालुओं ने कालीसिंध नदी स्थित कपिलेश्वर घाट पर स्नान कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। स्नान के बाद भक्तों ने भगवान कपिलेश्वर के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कई श्रद्धालु गौशाला भी पहुंचे, जहां उन्होंने गौसेवा कर दान-पुण्य किया।

श्रद्धालु सुनील विजयवर्गीय, ओम पुष्पद और राजेश बंसल ने बताया कि शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती का यह दुर्लभ संयोग अत्यंत शुभ माना जाता है। इसी कारण बड़ी संख्या में लोगों ने तीर्थ स्नान और पूजा-अर्चना कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती का एक ही दिन पड़ना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस अवसर पर महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। घाटों पर सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरे दिन सतर्क रहा। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस बल ने यातायात व्यवस्था संभाली और घाट क्षेत्र सहित प्रमुख मार्गों पर लगातार निगरानी रखकर व्यवस्था बनाए रखी।

शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती के दुर्लभ संयोग पर उमड़ा आस्था का सैलाब

ज्येष्ठ पुरुषोत्तम मास 17 मई से 15 जून तक, श्री जी के बड़े मंदिर में मनेंगे सालभर के उत्सव



नरसिंहगढ़। नगर स्थित श्री गोवर्धननाथ जी की हवेली श्री जी का बड़ा मंदिर में 17 मई से पवित्र ज्येष्ठ अधिक पुरुषोत्तम मास उत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 15 जून तक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजित किया जाएगा। मंदिर के मुखिया मोहित भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास के इस विशेष अवसर पर वर्षभर में आने वाले प्रमुख उत्सव और पर्व एक ही माह में ठाकुर जी के लिए विधिवत मनाए जाएंगे। आयोजन के दौरान रथ यात्रा, होली उत्सव, जन्माष्टमी, नंदोत्सव सहित अनेक पारंपरिक धार्मिक आयोजन श्रद्धाभाव के साथ संपन्न होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 12 बजे राजभोग के समय श्री ठाकुर जी का विशेष तिलक होगा। वहीं प्रतिदिन शाम 6 बजे पुरुषोत्तम मास की कथा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा रात्रि 7:30 बजे से प्रतिदिन अलग-अलग मनोरथों के दर्शन श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति और उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहेगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन एवं धार्मिक आयोजनों का लाभ लेने की अपील की है।

खबर संक्षेप

संकट के दौर में देशहित को सर्वोपरि रखें:विधायक

आष्टा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल द्वारा वैश्विक संकट के दौर में देशहित को सर्वोपरि मानते हुए प्रधानमंत्री द्वारा देश वासियों से 7 अपील की है। पीएम की अपील का असर होने लगा है और इसकी शुरुआत स्वयं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने अपने वाहनों के काफिले में बड़ी कटौती कर के की है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पीएम की अपील पर अमल शुरू किया ओर घोषणा की की वे अब नगर में भ्रमण दुपहिया वाहन से करेंगे, ग्रामीण क्षेत्र के दौरों के दौरान वाहनों का कोई काफिला नही होगा। दौरे में उनका केवल एक वाहन रहेगा, उसमे भी प्रयास करूंगा कि जो वाहन होगा वो इलेक्ट्रिक वाहन हो। दौरों के दौरान कोई रैली नही आयोजित होगी। ताकि प्रधानमंत्री की मंशा अनुरूप ईंधन की बचत हो सके। जब भी भोपाल जाऊंगा तो अपना एक ही वाहन का उपयोग करूंगा, या बस से नही तो इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग करूंगा। वर्चुअल बैठक में नपा आष्टा, नगर परिषद जावर, कोठरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,राधेश्याम दलपति,मनोज वैद्य, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर जावर,शिव पाटीदार खाचरौद,राकेश सिसोदिया सिद्दीकगंज, देवजी पटेल कोठरी, सुनील आर्य मैना, विशाल चौरसिया अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर मंडल, नरेन्द्रसिंह ठाकुर डोडी मंडल अध्यक्ष ने जुड़ कर संवाद किया एवं महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में ब्लाक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। रविवार की शाम को खेले गए एक तरफा मुकाबले में सीहोर बाइज की टीम ने डीएसवाय को 2-0 से हराया। इस मैच में अग्रिम ने 2 गोल किए। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को खेले गए एक तरफा मुकाबले में सीहोर बाइज के स्ट्राइकर अग्रिम ने मैच आरंभ में लगातार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी। इसके बाद डीएसवाय टीम ने प्रयास किए, बाइज की टीम ने डीएसवाय टीम को 2-0 से हराया।

कार गैराज में लगी भीषण आग, एक दर्जन से ज्यादा कार जलकर हुई खाक, करोड़ों रुपए का नुकसान

सुबह 7 बजे की घटना, नपा की खाली दमकल पहुंची आग बुझाने, पानी के इंतजार में मैकेनिक की दुकान हो गई राख



आष्टा, जावर, कोठरी की दमकलों सहित प्राइवेट पानी के टैंकरों से पाया आग पर काबू। जिंदगी भर की मेहनत जलकर खाक, आग से अफरा-तफरी का बना माहौल।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में भोपाल-इंदौर बाईपास मार्ग पर चौपाटी स्थित एक डेंटिंग-पेंटिंग के कार गैराज की दुकान में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से गैराज में रखी एक दर्जन से ज्यादा कार जलकर खाक हो गई, वही आग इतनी भीषण थी कि आग की लपटे दूर दूर से दिखाई देने लगी। इस दौरान दुकान इंदौर भोपाल बायपास पर मार्ग पर होने के चलते इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना सुबह करीब 7 बजे के आसपास की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर आष्टा नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन उसमें पानी नहीं था। इसके बाद कोठरी, जावर, आष्टा से दमकल बुलाई गई, जिसने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक दुकान में रखा सामान और खड़ी कई कार जलकर खाक हो गई।

एक दर्जन कार आई आग की चपेट में, एक करोड़ से ज्यादा का नुकसान

1800 वर्गफीट में बने न्यू इंडियन डेंटिंग कार गैराज के मालिक रऊफ ने जानकारी देते हुए बताया कि कि गैराज में कार रिपेयरिंग सम्बन्धित कार्य किए जाते थे और गैराज में 12 कार रखी हुई थी और यह सभी आग लगने के कारण पूरी तरह जलकर खाक हो गई । वही दुकान में कार रिपेयर के पाट्र्स और महंगी महंगी मशीन



रखी हुई थी जो सभी आग से पूरी तरह जलकर खराब हो गई। जिसके कारण करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो गया है। फिलहाल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और उम्मीद है हमारी मदद की जाएगी।

दुकान के पीछे पड़ोसी ने लगाई थी कचरे में आग, वही से लगी गैराज में आग

गैराज में सुबह 7 बजे लगी आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरी कार का यह गेराज पूरी तरह आग की चपेट में आ गया और कई किलोमीटर दूर से ही आग की लपटे और आसमान में उड़ता धुआं दिखाई दे रहा था। दुकान मालिक और सहयोगियों ने आग बुझाने के भरसक प्रयास किए लेकिन यह प्रयास नाकाफी रहे और गैराज में रखी एक दर्जन से ज्यादा कार जलकर खाक हो गई। दुकान मालिक रऊफ ने बताया कि दुकान में आग लगने का कारण गेराज पीछे कचरे में लगाई आग का कारण है दुकान के पीछे रहने वाले किसी रहवासी ने कचरे में आग लगाई जिससे गैराज भी चपेट में आ गया।

आष्टा नपा की लापरवाही आई सामने, कोठरी, जावर की दमकलों ने पाया काबू

दुकान मालिक ने रऊफ ने जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल आष्टा नगर पालिका की फायरब्रिगेड को सूचना दी गई थी और इसके बाद नगर पालिका की फायर ब्रिगेड तो आई लेकिन उसमे आग बुझाने का पानी तक नहीं था और महज 5 मिनट भी वह आग नहीं बुझा पा। जिसके बाद निजी पानी के टैंकर बुलवा कर आग बुझाने का प्रयास किया गया । गैराज मालिक ने सीधा सीधा दमकल समय पर नहीं पहुंचने पर आष्टा नगर पालिका को जिम्मेदार बताया। जिसके बाद कोठरी,जावर, आष्टा की दमकलों से आग पर काबू पाया गया।लेकिन तब तक गैराज में रखी कार और सामान पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे।

तहसीलदार, पटवारी पहुंचे, बनाया पंचनामा

घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार रामलाल पगारे और पटवारी वीरेंद्र ठाकुर घटना स्थल पर पहुंचे और नगर पालिका सहित कोठरी, जावर की दमकलों को आग बुझाने के लिए बुलवाया। इस दौरान पार्वती थाना प्रभारी हरिसिंह परमार भी इंदौर भोपाल राज्यमार्ग होने के चलते ट्रैफिक व्यवस्था संभालते हुए नजर आए। तहसीलदार रामलाल पगारे ने जानकारी देते हुए बताया कि आग की सूचना मिलते ही तत्काल पटवारी के साथ पहुंचे और आष्टा कोठरी, जावर की दमकलों सहित प्रायवेट पानी के टैंकरों को बुलवा कर आग पर काबू पाया गया। पंचनामा बना लिया गया है जो भी नियम अनुसार होगा वो मदद की जाएगी।

जिस दुकान से चलती थी रोजी-रोटी, वही बनी राख का ढेर, निकले आंखों से आंसू

जिंदगी भर की मेहनत एक झटके में जलकर खाक हो जाय तो किसी भी इंसान के लिए यह असहनीय पीड़ा दायक होता है कुछ ऐसा ही रविवार की सुबह कार गैराज में लगी भीषण आग के दौरान देखने को मिला। जब इस कार गैराज के मालिक नूर भाई, रऊफ और इनके बेटे अपनी मेहनत से जिंदगी भर की कमाई हुई पूंजी और व्यापार को जलकर खाक होता हुए देख आंखों से आशु नहीं रोक पाए और रोते हुए नजर आए ऐसे में वह मौजूद भाजपा नेता नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा नूर भाई का हिम्मत देते हुए नजर आए। साथ ही आश्वासन दिया की हर संभव मदद की जाएगी।

राष्ट्र-धर्म रक्षार्थ शौर्य प्रशिक्षण वर्ग हेतु ग्वालियर रवाना



सीहोर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के वीर बजरंगी राष्ट्र-धर्म रक्षार्थ शौर्य प्रशिक्षण वर्ग हेतु ग्वालियर रवाना हुए। इस मौके पर भगवा गमछा पहनाकर वीर बजरंगियों का सम्मान, जिलाध्यक्ष रेवाशंकर जाट, जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला संयोजक प्रभात, जिला धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर, जिला सह संयोजक आशीष सिसोदिया, जिला अखाड़ा प्रमुख अनिरुद्ध चौहान, जिला नैतिक शिक्षा प्रमुख राकेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, नगर मंत्री यज्ञेश, नगर सह मंत्री हेमंत विश्वकर्मा, नगर संयोजक समीर राय, नगर विशेष सम्पर्क प्रमुख अर्जुन सोनी, नगर अर्चक पुरोहित सुशील उपाधाय एवं नगर के कार्यकर्ता उपस्थिति में किया गया।

मनुष्य जन्म चिंतामणि रत्न के समानः रत्न विजय


हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुण्य सम्राट और वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद् विजय नित्यसेन सुरीश्वर म सा, आचार्य देवेश श्रीमद् विजय जयरत्न सुरीश्वर म सा के आज्ञानुवर्ती मुनिराज डॉ संयमरत्न विजय म सा, मुनिराज भुवनरत्न विजय म सा आदि ठाणा का मंगल प्रवेश रविवार सुबह 7:00 बजे नागदा चौराहा से ढोल नगाड़ों के साथ हुआ। जगह-जगह समाज जनों द्वारा पूज्य गुरुदेव की गहुली कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया गया। पूज्य गुरुदेव के 9:15 बजे ज्ञान मंदिर में ओजस्वी प्रवचन हुए जिसमें धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जन्म चिंतामणि रत्न के समान है। यह हमें दोबारा प्राप्त होना दुर्लभ है। व्यक्ति मुट्ठी बांध के आता है और जाते समय हाथ पसारे जाता है। किसी से वेरभाव नहीं रखना चाहिए। जिसे श्रद्धापूर्वक शांत भाव से धारण किया जाए वही ही धर्म है। संसार सागर में तिरने के लिए जिनेंद्र भक्ति यानि परमात्मा भक्ति ही एकमात्र उपाय है। जो नाव के समान हमें संसार सागर से पार लगाती है। किसी भी धर्म उपदेश का सार आत्मा को उज्जवल एवं निर्मल बनाना है। हमें जीवन में तन को नहीं मन को सजाना है तन तो नश्वर है। धार्मिक भक्ति का लाभ पारसमल निलेश कुमार, रितेश कुमार भंडारी परिवार द्वारा लिया गया। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूज्य मुनिराज श्री का संध्या को विहार डेलची होगा सुबह महिदपुर सिटी पधारेंगे वहां से उन्हेल होते हुए उज्जैन की ओर विहार करेंगे पूज्य गुरुदेव का आगामी चातुर्मास कानपुर उत्तर प्रदेश में होगा। जिसका मंगल प्रवेश 22 जुलाई को होगा। प्रवचन के दौरान पूज्य मुनि राज श्री के सांसारिक पिता नंदलाल का बहुमान सकल जैन श्री संघ द्वारा किया गया। मंगलकारी अवसर पर सकल जैन श्री संघ, श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरड़िया, नवयुवक, महिला, बहू, तरुण बालिका परिषद ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

इंदिरा ज्योति अभियान में कम्युनिटी हॉल में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रविवार को आष्टा नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में आयोजित इंदिरा ज्योति अभियान कार्यक्रम अत्यंत भव्य सफल एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम में डॉक्टर भास्कर राव रोकडे, पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना विनीत सिंगी, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोभाल सिंह बागैर, पूर्व पार्षद दिलीप शर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष भैया एमपी, जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्द सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण महेश मुंदी खेड़ी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, कृपाल सिंह बनखेड़ा, सूरज सिंह पटेल भानाखेड़ी, चेतन सिंह ठाकुर सेमिलीबारी, हेमंत सोनी, नबू गुप्ता, जीतेन्द्र सिंह बमुलिया भाटी सुरेन्द्र सिंह ठाकुर विनोद सिंह ठाकुर और गुरु भास्कर राव रोकडे की उपस्थिति व प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। सभी अतिथियों ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी जी के कार्यों पर प्रकाश डाला उनके द्वारा देश हित मे कई निर्णय आज भी कारगार साबित हो रहे है। सभी आदरणीय नेताओं एवं अतिथियों ने समाज युवाओं एवं संगठन को लेकर अपने विचार व्यक्त किए जिससे उपस्थित सभी साथियों में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम में पधारे सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों का हृदय से आभार जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं सफल बना। आप सभी का स्नेह सहयोग एवं आशीर्वाद इसी प्रकार मिलता रहे। महेंद्र सिंह ठाकुर टीपाखेड़ी आयोजन समिती अध्यक्ष जिला सीहोर द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया

संस्कृति स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों का विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्थानीय संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित और पुरस्कृत किया।इस वर्ष कक्षा 12वीं की होनहार छात्रा आरुषी बुधवन्त ने 480 अंक (96 प्रतिशत) अर्जित कर सीहोर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। वहीं, विद्यालय की आशी ताम्रकार ने 457 अंक (91.4 प्रतिशत) एवं तमन्ना बालोदिया ने 452 अंक (90.4 प्रतिशत) लाकर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।कक्षा 10वीं में भी बेटियों का दबदबा रहा, जिसमें प्राची वर्मा ने 456 अंक (91.2 प्रतिशत) के साथ प्रथम, अर्निका जैन ने 443 अंक (88.6 प्रतिशत) के साथ द्वितीय एवं राधा सैंधव ने 419 अंकों (83.8 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, इस बेहतरीन सफलता के लिए संस्था के प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय और समस्त शिक्षक स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

नयापुरा में सात दिवसीय महायज्ञ का विराम

शनि नवग्रह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्राम नयापुरा में ग्रामीणों के सहयोग से कालीसिंध नदी तट स्थित निर्मल वाटिका में नवनिर्मित श्री शनि नवग्रह मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव अचल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति, शोभायात्रा एवं भंडारे के साथ सात दिवसीय आयोजन का विधिवत विराम हुआ।कार्यक्रम स्थल से निकली भव्य शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः आयोजन स्थल पहुंची। यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो भजनों पर झूमते नजर आए।यज्ञाचार्य संजय शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति करवाई। सात दिनों तक चले महायज्ञ में 42 यजमानों ने आहुतियां दीं, वहीं प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। नवनिर्मित मंदिर में विधि-विधान से नवग्रह, भूतेश्वर महादेव एवं अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई।शनिचरी अमावस्या एवं शनिदेव जन्मोत्सव के अवसर पर शनिदेव की प्रतिमा का विशेष आकर्षक श्रृंगार किया गया। साथ ही बाबूलाल पिता बापूजी मुजाल्दे की ओर से 56 भोग अर्पित किया गया।इस दौरान आयोजन समिति ने कथावाचक गोविंद जाने का साल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। यज्ञाचार्य संजय शर्मा एवं अन्य पंडितों का भी सम्मान किया गया।आयोजन में विभिन्न श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर के लिए प्रतिमाएं एवं सामग्री भेंट की गई। इसमें शनिदेव भगवान की प्रतिमा धर्मेंद्र खेरिया, भेरूलाल पाटीदार एवं अलकेश पाटीदार द्वारा, नवग्रह एवं शनि शिला भगवान की प्रतिमा पूर्व जनपद अध्यक्ष निर्मला हुकमचंद कंठाली द्वारा, गणेश भगवान की प्रतिमा शांतिलाल पाचोटिया द्वारा तथा हनुमानजी की प्रतिमा जगदीश खेरिया एवं गणेश खेरिया द्वारा भेंट की गई। शिव परिवार की प्रतिमा इंदरमल पाटीदार एवं विष्णु पाटीदार, सूर्य नारायण की प्रतिमा महिला मंडल नयापुरा तथा मंदिर की घंटी कलाबाई पति राधेश्याम करनावद द्वारा भेंट की गई।

अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर 80 वर्षीय मातृशक्ति का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



भारत में परिवार धर्म, संस्कृति और समर्पण की त्रिवेणी होते हैं। यह विचार अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किए। आनंद विभाग के निर्देशानुसार विभाग की संभागीय कोऑर्डिनेटर डॉ. समीरा नईम के मार्गदर्शन में नगर में मातृशक्ति स्वयं सहायता समूह आनंद क्लब एवं अभिव्यक्ति मंच आनंद क्लब के संयुक्त तत्वावधान में परिवार दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में 80 वर्षीय परिवार प्रमुख राजूबाई शिवहरे का सम्मान किया गया, जिन्होंने अपने परिश्रम और समर्पण से सफलता की प्रेरणादायक इबारत लिखी। इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, वारिस अली, राकेश नागौरी एवं वासुदेव जोशी ने परिवार की महत्ता और भारतीय संस्कृति में उसके योगदान पर विचार रखे।मातृशक्ति स्वयं सहायता समूह आनंद क्लब की ओर से संयोजक संध्या शिवहरे, राजकुमारी, लेखराज शिवहरे, गीता चौधरी, दाखा कारपेंटर, रचना नागौरी, सरोज जौहरी, संतोष यादव, शीला चावड़ा एवं हेमलता शर्मा ने मोतियों की माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।